आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 15.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के संबंध में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अधिसूचना जारी कर दी है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है।
- फसलों की कटाई का त्योहार ओणम आज मनाया जा रहा है।
- अभियंता दिवस मनाए जाने के सिलसिले में डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आज कार्यक्रम रखा गया है।
- प्रशासनिक कारणों से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप आज पर्यटकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के संबंध में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल अधिसूचना जारी कर दी है। ब्रिटिश साम्राज्यवाद की एक सौ पचहत्तर वर्षों से अधिक की मौजूदा विरासत को समाप्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने केन्द्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी और दक्षिण अंडमान ज़िले के पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया था। अधिसूचना में कहा गया है कि सभी नियमों और निर्देशों में उल्लिखित शब्द पोर्ट ब्लेयर को अब संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा श्री विजयपुरम के नाम से पढ़ा और जाना जाएगा।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के राज्य प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी और अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया है। विश्व हिन्दू परिषद ने भी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किए जाने के ऐतिहासिक कदम का स्वागत किया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है क्योंकि यह भाषाएं एक–दूसरे की पूरक हैं। श्री शाह ने नई दिल्ली में कल राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा मिले।

इस बीच द्वीपसमूह मे ंभी हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से कल हिन्दी दिवस मनाया गया और हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। अपर निदेशक तथा क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने राजभाषा के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राजभाषा हिन्दी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में फसलों की कटाई का त्योहार ओणम आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होने कहा कि फसलों की कटाई का यह पारम्परिक उत्सव समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एकजुटता, सदभावना और सौहार्द की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार द्वीपवासियों के जीवन में सुख–समृद्धि लेकर आए और द्वीपसमूह विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे। सांसद विष्णु पद रे ने भी द्वीपवासियों को ओणम की बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ओणम एक वैश्विक त्योहार बन गया है और यह केरल की जीवन्त संस्कृति, परम्परा और व्यंजनों की खूबसूरती को दर्शाता है।

<><><><><><><><><>

आज अभियंता दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मनोरंजन परीदा, भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक डी. भास्कर राव और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी भाग लेंगे। अभियंता दिवस पर सांसद विष्णु पद रे ने द्वीपसमूह के सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह दिन विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियरों के योगदान को अंगीकार करने और प्रौद्योगिकी तथा बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका को पहचानने में मदद करता है।

<><><><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप आज पर्यटकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है।

<><><><><><><><><><>

द्वीपसमूह में चांद दिखाई देने के कारण मिलाद–उन–नबी सत्रह सितम्बर को मनाई जाएगी। इस सिलसिले में प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर सोलह सितम्बर के स्थान पर सत्रह सितम्बर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

<><><><><><><><><><>

प्रादेशिक सेना की हीरक जयंती के सिलसिले में सियाचिन बी कैम्प से इंदिरा प्वाइंट तक साइकिल अभियान का आयोजन किया गया है। रैली के सदस्य श्री विजयपुरम पहुंच चुके हैं। रैली को अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन आज ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन से झंडी दिखाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना करेंगे। इस रैली का आयोजन एक सौ चौवन प्रादेशिक सेना की ओर से किया जा रहा है।

<><><><><><><><><><>

समुद्री राज्य विकास परिषद की बीसवीं बैठक हाल ही में गोवा में सम्पन्न हुई। इस दो दिवसीय बैठक में केन्द्रीय सरकार, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के अस्सी से अधिक महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया गया। इनमें बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, कनेक्टिविटी, समुद्री पर्यटन, नेवीगेशन परियोजनाओं और बंदरगाहों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे। बैठक में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भारत के समुद्री क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए एक राज्य रैंकिंग ढांचे और एक बंदरगाह रैंकिंग प्रणाली के कार्यान्वयन पर चर्चा की

गई। बैठक में बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल और द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में गलाथिया खाड़ी को भी प्रमुख बंदरगाह के रूप में नामित किया है। चवालीस हजार करोड़ रूपये की यह परियोजना सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित की जाएगी और इसका उद्देश्य वर्तमान में भारत के बाहर संभाले जाने वाले ट्रांसशिप्ड कार्गो को शामिल करना है। परियोजना का पहला चरण दो हजार उनतीस तक शुरू होने की संभावना है। द्वीपों के उप–राज्यपाल ने विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के अनुरूप अंडमान निकोबार द्वीपसमूह पर विशेष ध्यान देने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया।

<><><><><><><><><>

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने प्रमुख योजना–पर्यटन मित्र, पर्यटन दीदी और स्वागतम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण प्रशासन के पर्यटन विभाग और भारत पर्यटन कार्यालय के सहयोग से आपदा प्रबंधन भवन में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यटन निदेशक अज़हरूद्दीन ज़हीरूद्दीन काज़ी ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पर्यटन द्वीपसमूह की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

<><><><><><><><><>

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की ओर से कमोर्टा द्वीप पर सर्वेक्षण और निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ की एक टीम अट्ठारह से उनतीस सितम्बर तक कमोर्टा द्वीप पर

जनजाति स्वास्थ्य देखभाल सर्वेक्षण और आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>